No. 3405 /MD/PTCUL/ 607 Dt. 12/09/25

उत्तराखण्ड शासन
ऊर्जा अनुभाग–2
संख्या– /।(2)/2025–05–03/2025–टीसी
देहरादूनः दिनांक // सितम्बर, 2025

महानिदेशक,
सूचना विभाग,
देहरादून, उत्तराखण्ड।

कृपया ऊर्जा विभाग के नियन्त्रणाधीन उत्तराखण्ड जल विद्युत निगम लि0 एवं पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड में निदेशकों के रिक्त 07 पदों हेतु विज्ञापन प्रकाशित किये जाने के सम्बन्ध में शासन के पत्र संख्या–460/।(2)/2025–05–03/2025, दिनांक 29 जुलाई, 2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2. अवगत कराना है कि उत्तराखण्ड जल विद्युत निगम लि0 में निदेशक (परियोजना), निदेशक (परिचालन), निदेशक (वित्त) एवं निदेशक (मानव संसाधन) तथा पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि0 में निदेशक (परियोजना), निदेशक (परिचालन) एवं निदेशक (वित्त) के पदों हेतु प्रकाशित विज्ञापन में उक्त पदों हेतु आवेदन पत्र समस्त औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुए विज्ञापन निर्गत होने से 45 दिनों के अन्तर्गत उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गयी थी।

3. इस सम्बन्ध में शासन स्तर पर लिए गए निर्णय के क्रम में उक्त पदों हेतु आवेदन पत्र प्राप्ति की अन्तिम तिथि को 01 माह विस्तारित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

अतः उक्त पदों हेतु आवेदन पत्र प्राप्ति की अन्तिम तिथि को 01 माह विस्तारित किये जाने के सम्बन्ध में पत्र के साथ संलग्न सूचना को 02 राष्ट्रीय समाचार पत्रों एवं प्रादेशिक संस्करणों (हिन्दी एवं अंग्रेजी) में प्रसारित करने का कष्ट करें।

**संलग्नक–यथोपरि।**

(विक्रम सिंह राणा)
संयुक्त सचिव

**संख्या– 569 /।(2)/2025–05–03/2025–टीसी, तद्दिनांकित।**

**प्रतिलिपिः–** प्रबंध निदेशक, यूजेवीएन लि0 एवं पिटकुल को इस आशय के साथ कि महानिदेशक, सूचना विभाग, उत्तराखण्ड से सम्पर्क स्थापित कर अपने निगम से सम्बन्धित निदेशकों के रिक्त पदों पर आवेदन की अन्तिम तिथि को 01 माह विस्तारित किये जाने में होने वाले व्ययभार का भुगतान अपने स्तर से सम्बन्धित को करना सुनिश्चित करें।

(विक्रम सिंह राणा)
संयुक्त सचिव

**पिटकुल में निदेशक (परियोजना), निदेशक (परिचालन) एवं निदेशक (वित्त) के पदों पर आवेदन पत्र प्राप्ति की अन्तिम तिथि के विस्तारीकरण की सूचना**

पिटकुल में निदेशक (परियोजना), निदेशक (परिचालन) एवं निदेशक (वित्त) के पदों पर आवेदन हेतु विज्ञापन संख्या–460/I(2)/2025–05–03/2025, दिनांक 29.07.2025 प्रकाशित किया गया था, जिसके द्वारा आवेदन पत्र प्राप्ति हेतु अन्तिम तिथि विज्ञापन प्रकाशित होने से 45 दिन के अन्तर्गत निर्धारित की गयी थी। उक्त पदों हेतु आवेदन पत्र प्राप्ति की अन्तिम तिथि को इस सूचना के प्रकाशित होने की तिथि से 01 माह की अवधि के लिए विस्तारित किया जाता है।

(विक्रम सिंह राणा)
संयुक्त सचिव